卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 147 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦बृहस्पतिवार ♦5 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in


## उत्तराखंड की जीएसडीपी में डेढ़ गुना वृद्धि

### प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने जारी किया वर्ष 2025-26 का आर्थिक सर्वेक्षण

देहरादून। उत्तराखंड सरकार के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नियोजन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का आर्थिक सर्वेक्षण जारी कर दिया है। सचिवालय मीडिया सेंटर सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान प्रमुख सचिव डॉ आर मीनाक्षी सुंदरम ने राज्य की आर्थिक प्रगति के तुलनात्मक आंकड़े प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि पिछले चार वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था ने तेजी से विकास किया है और राज्य की सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में डेढ़ गुना की शानदार वृद्धि दर्ज की गई है। प्रमुख सचिव ने आंकड़ों का विवरण देते हुए



बताया कि वर्ष 2022 में राज्य की जीएसडीपी का आकार 2.54 लाख करोड़ था, जो अब बढ़कर 3.81 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। आर्थिक समृद्धि का सीधा असर राज्य के नागरिकों की आय पर भी पड़ा है। वर्ष 2022 में जहां प्रति व्यक्ति आय 1.94 लाख रुपये थी, वह अब बढ़कर 2.73 लाख रुपये हो गई है। विकास के इन प्रयासों से प्रदेश में गरीबी के स्तर में भी उल्लेखनीय कमी आई है। गरीबी इंडेक्स 9.7 प्रतिशत से गिरकर अब मात्र 6.92 फीसदी रह गया है। औद्योगिक क्षेत्र की चर्चा करते हुए आर मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि एमएसएमई सेक्टर में राज्य ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वर्ष 2022 में जहां लगभग 59 हजार उद्योग संचालित थे, वहीं पिछले चार वर्षों में इनकी संख्या बढ़कर 79 हजार से अधिक पहुंच गई है।इन उद्योगों के माध्यम से लगभग (शेष पृष्ठ सात पर)

## होली में छत से पानी फेंकने पर झोंके फायर

**बाल-बाल बचा किशोर, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने शुरू की हमलावरों की तलाश**

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। होली के दिन छत से पानी फेंकने जैसी मामूली बात पर बाइक सवार युवकों ने एक किशोर पर दो राउंड फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि किशोर बाल-बाल बच गया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें बाइक सवार चार युवक कैद हुए हैं। पुलिस के अनुसार, बुध वार को इंदिरा कॉलोनी गली नंबर छह निवासी अंश पुत्र धर्मेंद्र कुमार अपने घर की छत पर होली खेल रहा था। उसी समय उसकी मां ममता देवी और मोहल्ले की अन्य महिलाएं घर के बाहर सड़क पर मौजूद थीं। इसी दौरान वहां से एक बाइक पर सवार चार युवक गुजरे, जिन पर अंश ने छत से पानी फेंक दिया। पानी फेंकने से नाराज बाइक सवार युवक कुछ देर बाद वापस लौटे। उनमें से एक युवक बाइक से उतरा और छत पर खड़े अंश को निशाना बनाते हुए तमंचे से दो राउंड फायर कर दिए। अचानक हुई फायरिंग से अंश बाल-बाल बच गया, लेकिन गोलियों की (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में फंदे से लटकी मिली युवती

रुद्रपुर। कोतवाली क्षेत्र में एक युवती ने घर में ही गले में फंदा लगा कर लटक गई। युवती को लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। परिजन उसे उतार कर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से पुलिस को मेमो भेजा गया। पुलिस के पहुंचने से पहले परिजन जबरन शव ले गए। हालांकि पीआरडी के जवान रोकते रहे। बाद में पुलिस ने घर पर पहुंच शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई को भेजा है। पुलिस के मुताबिक बुधवार दोपहर को कोतवाली क्षेत्र महेशपुर में एक 18 वर्षीय युवती ने घर में ही गले में फंदा लगाकर लटक गई। इसी बीच परिजनों की नजर कमरे में गई तो उसे लटका देख उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में लोगों की मदद से उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि अस्पताल में तैनात पीआरडी के जवानों ने शव अस्थाई मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिवार के लोग शव घर ले जाने लगे। पीआरडी के जवानों ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## अलग अलग हादसों में दो की मौत, दो घायल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। होली के दौरान अलग अलग मार्ग दुर्घटनाओं में सिक्योरिटी गार्ड सहित दो लोगों की मौत हो गई जबकि बच्ची सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार एक दर्दनाक हादसे में गाबा चौक स्थित फ्लावर क्षेत्र में काशीपुर रोड पर स्कूटी सवार युवक चोटिल हो गया। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची समेत दो लोग गंभीर रूप से



घायल हो गए। पुलिस ने मृतक की पहचान आधार कार्ड से की है। जानकारी के अनुसार गाबा चौक के पास फ्लावर क्षेत्र, काशीपुर रोड पर स्कूटी सवार एक युवक, एक बच्ची और एक अन्य व्यक्ति सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े मिले। बताया जा रहा है कि हादसा गदरपुर रोड फ्लाईओवर के समीप हुआ, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो (शेष पृष्ठ सात पर)

### बाईक सवार को बचाने में भिड़ीं दो कारें

रूद्रपुर। बुधवार को किच्छा मार्ग पर सामने अचानक आये बाईक सवार को बचाने के प्रयास में एक कार चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और उसकी कार अन्य कार से जा भिड़ी। इस दुर्घटना में दोनों कारों को जहां काफी क्षति पहुंची तो वहीं कारों में सवार कई लोगों को गंभीर चोटें आ गईं। जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को कार संख्या यूके 06 एएस 4796 का चालक किच्छा की ओर जा रहा था। तभी अचानक मार्ग पर एक बाईक सवार आ गया। जिसे बचाने के प्रयास में कार चालक अपने वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और उसकी कार साथ जाती (शेष पृष्ठ सात पर)

## देह व्यापार कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़

### बंधक बनाई गई लापता पीड़िता बरामद, दो महिलाओं सहित चार गिरफ्तार

काशीपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में आईटीआई पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने और उससे अनैतिक व्यापार कराने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दो महिलाओं सहित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मई 2025 से लापता चल रही नाबालिग को पुलिस ने अभियुक्तों के चंगुल से सकुशल बरामद कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की नई धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत गंभीर मुकदमा दर्ज किया गया है।मामले के विवरण के



अनुसार 3 मार्च 2026 को पुलिस को सूचना मिली कि पिछले वर्ष मई माह से लापता एक नाबालिग को हरियावाला क्षेत्र में बंधक बनाकर रखा गया है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक कोतवाली आईटीआई ने टीम गठित कर तत्काल हरियावाला स्थित जाहिद के आवास पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## नाव चला रहा युवक नानक सागर डैम में डूबा

### पुलिस व एनडीआरएफ की टीम ने 24 घंटे बाद बरामद किया शव

नानकमत्ता। नानकसागर डैम में नाव चला रहा नाविक अचानक संतुलन बिगड़ने से पानी में डूब गया। नाव चालक को पानी में डूबता देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। नाव में डूबे नाविक की तलाश में पुलिस व एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाया, इसके बाद अगले दिन 24 घंटे बाद एनटीआर को सफलता मिली और शव को बरामद कर लिया। बुधवार को ग्राम देवपुरा डाम पार नानकमत्ता निवासी जसवीर सिंह पुत्र सुरजीत सिंह उम्र 20 वर्ष जो कि आम दिनों की तरह नानाकसागर डैम में अपनी नाव चल रहा था। इसी दौरान नानकसागर बाऊली साहब के पास अचानक जसवीर सिंह का संतुलन बिगड़ गया। संतुलन बिगड़ने से जसवीर नाव से गिरकर पानी में डूब गया। जसवीर को पानी में डूबता देख लोगों ने ठीक पुकार मचाई और पुलिस को सूचना दी। मौके पर कोतवाल मंजू पांडे मय पुलिस फोर्स पहुंचकर एनडीआरएफ के साथ रेस्क्यू अभियान चलाया। तमाम कोशिश के बाद एनडीआरएफ की टीम 24 घंटे बाद डुवे युवक का सब बरामद कर लिया। बताया जा रहा है कि युवक को मिर्गी (शेष पृष्ठ सात पर)



## गद्दी पर 'मणिकांत' रहें या अजय, फॉर्मूला सेम ही रहेगा

### निजाम बदलने के बाद भी नहीं बदला पुलिस का फार्मूला, उधम सिंह नगर पुलिस ने किया नवागत एसएसपी अजय गणपति के कार्यकाल का पहला एनकाउंटर

-अर्श-

रुद्रपुर। देश की राजनीति की तस्वीर बयां करने के लिए यह उक्ति अक्सर ही कोट की जाती है कि राजनीति में सिर्फ चेहरा बदलता है चाल और चरित्र नहीं कभी बदलता। सियासत के मूलभूत चरित्र के संदर्भ में अक्सर ही बोली जाने वाली यह उक्ति वर्तमान में उधम सिंह नगर पुलिस पर भी पूरी तरह फिट बैठने लगी है। पहले के एसएसपी मणिकांत मिश्रा के जाने और नए एसएसपी अजय गणपति के



आने के बाद यह उम्मीद की जा रही थी कि उधम सिंह नगर पुलिस का स्वयं न्याय करने वाला चेहरा और चरित्र शायद बदले, लेकिन गुजरे दिनों पुलिस टीम पर हमला करने वाले आरोपी नदीम उर्फ नजीम उर्फ नाजिम के एनकाउंटर के बाद अब ऐसा लगने लगा है कि उधम सिंह नगर पुलिस का फॉर्मूला अभी भी ना कोर्ट- कचहरी और ना ट्रायल की झंझट, फैसला ऑन स्पॉट चटपट, वाला ही है। इसमें दो राय नहीं के पुलिस पर हमला करने का दुस्साहस वाले ऐसे खूंखार अपराधियों को सबक सिखाया ही जाना चाहिए, लेकिन ऐसा दुस्साहस करने वाले अपराधियों को सबक सिखाने के लिए देश के कानून एक प्रक्रिया और कुछ न्यायिक प्रावधानों का उपबंध करता है, पुलिस ने भी अपराधी को उसके दुस्साहस के लिए उसी की भाषा में जवाब दे कर अपराधियों को कड़ा संदेश दिया (शेष पृष्ठ 7 पर)

## विवाहिता की संदिग्ध मौत,जहर देने का आरोप

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए जहर देकर हत्या करने की बात कही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिचबा निवासी मोहन सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि मंगलवार की देर रात्रि ग्राम सुनखरी में उसकी बहन प्रियंका पत्नी अनिकेत उम्र 25 वर्ष को उसके ससुराल वालों ने जहर दे दिया है। सूचना मिलते ही अपर उपनिरीक्षक चंचल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां महिला का शव घर में पड़ा था और ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा थी। पुलिस ने मायके पक्ष की शिकायत पर शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भाई मोहन सिंह ने बताया कि ससुराल के लोग उसकी बहन को काफी (शेष पृष्ठ सात पर)



# लोक भवन में हर्षोल्लास से मनाई गई होली

## राज्यपाल, मुख्यमंत्री ,कैबिनेट मंत्रियों और अधिकारियों ने अबीर गुलाल लगाकर दी होली की बधाई

देहरादून। लोक भवन में बुधवार को होली के पावन अवसर पर रंगारंग होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक', कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, श्री गणेश जोशी, प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती गीता धामी, मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक श्री दीपम सेठ, सचिव श्री राज्यपाल श्री रविनाथ रामन तथा बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन, समाजसेवी, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग और अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभी लोगों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और इस पावन पर्व की खुशियों में सराबोर हो गए। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रत्येक भारतीय और विशेष रूप से उत्तराखण्ड के नागरिकों को होली के इस क्षण पर बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि यह पर्व हमारे अंदर व्याप्त हर्ष और उल्लास का प्रतीक है, जो ईश्वर का आशीर्वाद है। उन्होंने इस उत्सव की सबसे बड़ी विशेषता 'समरसता' को बताया, जहाँ सभी लोग प्रेम और स्नेह के साथ एक-दूसरे से जुड़ते हैं। राज्यपाल ने कहा कि रंगों का अर्थ यही है कि प्रभु के बनाए सभी रंग किस प्रकार एक होकर आपसी एकता और एकजुटता को प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम मिल-जुलकर हर उत्सव मनाते हैं, वह पूरी दुनिया और मानवता के लिए एक बड़ा संदेश है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने भी प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि होली का पर्व हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह त्योहार आपसी भाईचारे, सौहार्द और सामाजिक एकता को और अधिक सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि रंगों का यह उत्सव हम सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता का संचार करे तथा उत्तराखण्ड निरंतर विकास, समृद्धि और प्रगति के पथ पर अग्रसर हो।












मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी ( से.नि ), पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से देहरादून स्थित उनके आवास पर भेंट कर उन्हें होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

# मुख्यमंत्री आवास में नजर आई होली के रंगों की बहार

## होली मिलन कार्यक्रम में जुटे गढ़वाल-कुमाऊं से लेकर जौनसार तक के होल्यारों ने जमाया रंग

देहरादून।मुख्यमंत्री आवास में होली के रंगों की बहार नजर आई। प्रदेश भर से आए लोक कलाकारों और होल्यारों ने अपनी अपनी धुनों से माहौल को उत्सवमय कर दिया। इस दौरान एक तरफ, हारूल नृत्य करते जौनसारी कलाकार थे तो दूसरी तरफ, अपनी ही धुन में मगन होली गीत गाते कुमांउनी होल्यारों की टीम। इन सबके बीच पौड़ी जिले के राठ क्षेत्र से आई सांस्कृतिक टोली ने भी अपना रंग जमाया। इस दौरान आम और खास ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को रंग लगाकर शुभकामनाएं प्रेषित की।मुख्यमंत्री आवास का प्रांगण सोमवार को होली के रंगों में सराबोर नजर आया। इस दौरान प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि और एकता के भी दर्शन हुए। पूर्वाह्न से ही प्रदेश भर के लोक कलाकारों, संस्कृति कर्मियों की टोलियां होली गायन करते हुए, सीएम आवास पहुंचती रही। एक तरफ गढ़वाल-कुमाऊं से लेकर जौनसार तक का होली गायन था, नृत्य था। इस दौरान होली के गीत गूंजे। पारंपरिक गायन हुआ। ढोल, मंजीरे बजे। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की संगत ने होली गीतों के प्रभाव को और बढ़ा दिया। आओ दगड़ियो, नाचा गावा, आ गई रंगीली होली का आह्वान यदि कुमांउ से आए कलाकारों ने किया, तो राठ क्षेत्र के कलाकारों ने गाया-आई डान्ड्यू बसंत, डाली मा मौल्यार।इस दौरान जो भी यहां पहुंचा लोक के रंगों में खो गया। लोक संस्कृति का वह प्रभाव भी था, जो उत्तराखंड को सांस्कृतिक तौर पर विशिष्टता प्रदान करता है। लोक कलाकार इस बात से बेहद खुश दिखे कि उन्हें विशेष तौर पर बुलाया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी लोक कलाकारों के संग होली के रंगों में पूरी तरह से रंगे नजर आए। मुख्यमंत्री खुद लोक कलाकारों के साथ थिरकने को मजबूर हो गए।उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों से आए लोक कलाकारों ने इस मौके पर कहा कि लोक संस्कृति पर सीएम अच्छा काम कर रहे हैं। राज्य सरकार लोक संस्कृति को बढ़ावा देते हुए, लोक कलाकारों को संरक्षण प्रदान कर रही है।

# विकास कार्यों के लिए करोड़ों की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति का अनुमोदन

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जनपद ऊधम सिंह नगर के अन्तर्गत उपजिला चिकित्सालय, बाजपुर में चिकित्साधिकारियों हेतु 06 आवासीय



भवनों के निर्माण कार्यों हेतु 4 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कुम्भ मेला-2027 के अन्तर्गत नवीन निर्माण कार्य हेतु 50.27 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के साथ कुम्भ मेला-2027 के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के हर की पैड़ी से ललतारों सेतु तक गलियों का सुधारीकरण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु 9 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति का अनुमोदन दिया है। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग के लक्सर खंड के स्थान पर स्मार्ट सिटी पीआईयू, लो०नि०वि०, देहरादून से कार्य कराए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र खानपुर में असुरक्षित सेतुओं के तहत नारसन- हरजौली-जट मुडलाना- लंडौरा- जौरासी बुद्ढाहेडी- बजेडी- राजपुताना मोटर मार्ग के कि०मी० 23 में आर०सीसी० सेतु की क्षतिग्रस्त एप्रोच का सुरक्षात्मक कार्य हेतु 6.67 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 2.67 करोड़, लोक निर्माण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण हेतु की गई मांग 32.50 करोड़ के सापेक्ष 25 करोड़ की धनराशि राज्य आपदा मोचन निधि के पुनर्प्राप्ति एवं पुनर्निर्माण मद से अवमुक्त किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।मुख्यमंत्री द्वारा जनपद चम्पावत की तहसील पूर्णागिरी में हुड्डी नदी की बाढ़ से ग्राम छानीगोठ की सुरक्षा हेतु बाढ़ सुरक्षात्मक दीवार निर्माण कार्य हेतु 5.75 करोड़ की योजना के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 2.30 करोड़, जनपद चमोली के विकासखण्ड गैरसैंण में रामगंगा नदी तट पर हो रहे भू-कटाव एवं आवासीय भवनों के बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य हेतु 6.83 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 2.74 करोड़, जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड भटवाडी के ग्राम हर्षिल में भागीरथी नदी के दांये तट पर आवासीय एवं अनावासीय भवनों का सुरक्षात्मक कार्य हेतु 10.24 करोड़ की योजना के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में ₹4.10 करोड़ के साथ ही जनपद देहरादून के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र धर्मपुर में नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत सुसवा नदी के दोनों तटों पर दूधा देवी पुल के डाउनस्ट्रीम में बाढ़ सुरक्षा योजना हेतु 4.30 करोड़ की योजना के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 1.72 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा नगर पंचायत, ईमलीखेड़ा की लीगेसी वेस्ट निस्तारण हेतु 13.90 लाख की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोबरियासार, रिखणीखाल, जनपद पौड़ी गढ़वाल का नाम शहीद अनुज नेगी के नाम पर रखे जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

# बाइक चालकों पर चला पुलिस का डंडा,चार दर्जन वाहनों के चालान

रुद्रपुर। एसएसपी अजय गणपति के निर्देश पर जनपद में पुलिस ने खतरनाक तरीके से वाहन चलाने,रेट्रो साईलेंन्सर,चार सवारी में सीज की कार्रवाई की है। पुलिस की यह कार्रवाई होली पर्व पर हुड़दंगियों के खिलाफ हुई। होली पर्व के दृष्टिगत रुद्रपुर और ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में पुलिस ने 4 दर्जन से अधिक दोपहिया वाहनों पर कार्रवाई की। बुधवार होली पर्व पर एसएसपी के पर्यवेक्षण और एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी व सीओ रुद्रपुर के निर्देशन में यातायात नियमों के उल्लंघन एवं साईलेंन्सर,चार सवारी बैठा कर घूम रहे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान रुद्रपुर कोतवाली की चौकी रम्पुरा प्रभारी कविंद्र शर्मा के नेतृत्व एसआई धीरज टम्टा, कांस्टेबल महेंद्र कुमार, महेश राम, जगदीश पाठक पुलिस ने चौकिंग अभियान में दो दर्जन से अधिक दोपहिया वाहनों को सीज किए गए। वहीं दूसरी ओर ट्रांजिट कैंप पुलिस ने भी चौकिंग अभियान के दौरान 19 दुपहिया वाहन खतरनाक तरीके से वाहन चलाने ,रेट्रो साईलेंन्सर ,चार सवारी में सीज किये। इसके साथ ही पुलिस 2 वाहन बिना नम्बर ,रेट्रोसाईलेंन्सर लावारिस में भी सीज किये। इधर बगवाड़ा पुलिस चौकी प्रभारी सुरेंद्र रिगवाल,आदर्श कालोनी पुलिस चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह,बाजार पुलिस चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह खत्री ने भी वाहन चैकिंग अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों पर कार्रवाई की। एसएसपी अजय गणपति, एसपी क्राइम जितेंद्र चौधर, एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी,सीओ सिटी प्रशांत कुमार,सीओ पंतनगर डीआर वर्मा टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर हुड़दंगियों पर नजर रखी।

# पर्वतीय समाज की महिलाओं ने मनाई बैठकी होली

गदरपुर। गदरपुर के आवास विकास स्थित शिव पार्वती मंदिर पार्क में पर्वतीय समाज की महिलाओं द्वारा पारंपरिक बैठकी होली एवं झोड़ा नृत्य का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीतों और होली गीतों के साथ बैठकी होली गाकर कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग प्रदान किया।कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में झोड़ा नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे पूरा वातावरण होली के रंग और पर्वतीय संस्कृति की खुशबू से सराबोर हो गया। उपस्थित लोगों ने भी इस सांस्कृतिक आयोजन का आनंद लिया और पर्वतीय लोक परंपराओं की सराहना की।आयोजन के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा आपसी प्रेम, भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पर्वतीय समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं।



जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

**आवश्यकता है**
रूद्रपुर में ऑफिस में कॉलिग गर्ल्स, ड्राईवर व एक चपरासी की।
-सम्पर्क करें-
7055005311

# भानु प्रताप पब्लिक स्कूल में होली का शानदार जश्न

रूद्रपुर।भानु प्रताप पब्लिक स्कूल में होली का पावन पर्व अत्यंत हर्ष, उत्साह और सांस्कृतिक भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे पूरा कार्यक्रम सचमुच रंगारंग और अविस्मरणीय बन गया।कार्यक्रम का शुभारंभ आदरणीय प्राचार्य महोदय द्वारा देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने विद्या, बुद्धि और समृद्धि की कामना करते हुए सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समस्त स्टाफ को संबोधित करते हुए प्राचार्य महोदय ने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने होली के नैतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व को सुंदर शब्दों में समझाया तथा एकता, सौहार्द, भाईचारे, सम्मान और प्रेम के मूल्यों पर विशेष बल दिया। साथ ही,



विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल होली मनाने हेतु हर्बल एवं प्राकृतिक रंगों के प्रयोग की प्रेरणा दी।मनीषा मैम के समर्पित मार्गदर्शन और अथक प्रयासों से विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास, उत्साह और गरिमा के साथ कार्यक्रम का संचालन किया। कक्षा पांच के छात्र-छात्राएँ सौम्या, स्वाति, जीविका चंद्रा, मिताली, अर्ना, तुरनिमा, आराध्या, अभिनव, चिराग और लवी कक्षा सात की छात्राएँ आलिया एवं वानिया तथा कक्षा आठ की छात्राएँ रिद्धि और पावनी के साथ मिलकर मंच संचालन में सक्रिय रहे और अपने उत्कृष्ट आत्मविश्वास का परिचय दिया। समारोह का सांस्कृतिक भाग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। नृत्य शिक्षक अनुराग सर के निर्देशन में विद्यार्थियों ने ऊर्जा और उत्साह से भरपूर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं। प्रत्येक प्रस्तुति अत्यंत प्रभावशाली रही और दर्शकों की जोरदार तालियों से सभागार गूंज उठा।अंत में, विद्यालय प्रांगण में आनंदमय होली उत्सव का आयोजन किया गया। जूनियर और सीनियर छात्राओं ने समूहों में मिलकर पहले होली खेली और खुशियों तथा मित्रता के रंग बिखेरे। इसके पश्चात जूनियर एवं सीनियर छात्रों ने भी समान उत्साह और सौहार्द के साथ होली का आनंद लिया। पूरा परिसर हँसी, संगीत और उल्लास से गूंज उठा।यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों के बीच एकता, मेलजोल और आनंद की भावना को सुदृढ़ करने का एक सुंदर अवसर सिद्ध हुआ।

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मा० उचतम न्यायालय में योजित एस०एल० पी० स०31061/2025 में दि० 27.01.26 को पारित निर्देश के अनुपालन में याचिकाकर्ता द्वारा खरीफ की कटी हुई फसल धान प्राग फार्म के खलियान में सुरक्षित रखी है। **खुली नीलामी दि0 07-03-26 को दोपहर 2%00 बजे से** प्राग फार्म गोकुल नगर तहसील किच्छा में आयोजित होनी है। सभी इछुक बोलिकारता नियत तिथि एवं समय पर नियुक्त स्थान प्राग फार्म पर उपस्थित हो प्रतिभाग कर सकते है। **कम से कम बोली की शुरुआत रु0 1900/-प्रति** कु० से होगी ।

**मनोज नरायन अग्रवाल प्रोप्रिएटर**
**दूरभाष : 8057911622**

**LEASE CANCELLATION**

This is for the information of General Public that Sri Prahalad Narayan Saxena R/o Sharda Vihar, Khatima Distt U.S.Nagar executed a Regd Lease Deed for 29 years for the land at Village Chukti Tehsil Kichha Distt. U.S.Nagar in Khasra No. 141 measuring 0.7940 Hct in favour of KLA Foods Ltd Regd Office Kichha Road, Rudrapur Distt U.S.Nagar through its Director Sri Ashok Agarwal registered at SRO Kichha Regd in Bahi No.1, Jild No.382 page No. 29-42 Sr. No. 6065/06-12-2006/SRO Kichha.

NOW whereas Lessor Sri Prahalad Narayan Saxena has sold out the leased land at Village Chukti Tehsil Kichha Distt. U.S.Nagar in Khasra No. 141 measuring 0.7940 Hct to Mrs Neetu Agarwal W/o Sri Arun Kumar Agrwal through registered Sale Deed Regd in Bahi No. 1, Jild No.41 page No. 55-96 Sr. No. 1468/23-04-2009/SRO Kichha

NOW Lease holer Company KLA Foods Ltd Regd Office Kichha Road, Rudrapur Distt U.S.Nagar resolved in extra ordinary meeting held on 1.5. janat its Regd Office that after sale of Property by the Lessor Sri Prahalad Narayan Saxena lease Deed executed by him at SRO Kichha Regd in Bahi No.1, Jild No.382 page No. 29-42 Sr. No. 6065/06-12-2006/SRO Kichha became Nul and void and lessor Company declared the Lease as cancelled.

# सिक्स सिग्मा कॉलेज में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया होली उत्सव

रूद्रपुर। सिक्स सिग्मा कॉलेज में रंगों के पावन पर्व होली को बड़े ही हर्षोल्लास उमंग एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधन



सदस्य एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत एक.दूसरे को गुलाल लगाकर एवं शुभकामनाएं देकर की गई। सभी शिक्षकों ने मिलकर आपसी भाईचारेए एकता एवं सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया। पूरे परिसर में रंगों और खुशियों की सुंदर छटा देखने को मिली।होली उत्सव के उपलक्ष्य में पूल लंच् का विशेष आयोजन भी किया गया। इस सामूहिक आयोजन में सभी ने साथ बैठकर स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। हंसीदृमजाक मधुर बातचीत और सामूहिक भोजन ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया।इस कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष शिल्पा विश्वकर्मा एवं उनके सभी सदस्यों द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। उनके समन्वय एवं सहयोग से यह आयोजन अत्यंत व्यवस्थित और आनंदमय रहा। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल होली मनाने का संदेश भी दिया गया। प्रबंधन सदस्यों ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आपसी संबंधों को मजबूत बनाते हैं और कार्यस्थल पर सकारात्मक माहौल का निर्माण करते हैं।पूल लंच. सामूहिक भोज जिसमें सभी शिक्षकगण अपने.अपने घरों से भोजन लाते है तथा सभी सामूहिक रूप से मिलकर भोजन करते हैए जिससे सभी शिक्षकों में समरसताए सामंजस्यताए सौहार्दता का भाव जीवित रहता है तथा जातिए धर्मए क्षेत्रए बोली का भेद मिटता है। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डाबरए को. चेयरमैन प्रीत ग्रोवरए मैनेजिंग डायरेक्टर सीए शिव अरोरा डायरेक्टर सीमा अरोरा मैनेजमेंट मेंबर श्री वंश डावर शौर्य अरोड़ा संस्थान प्रमुख ललित सिंह बिष्ट नर्सिंग प्रधानाचार्य विवेक त्रिवेदी फार्मेसी प्रधानाचार्य डॉ प्रकाश पंत उप प्रधानाचार्य मुकेश कुमार सीएओ अनुभव बाठला एवं सभी शिक्षक.शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

**उत्तराखण्ड पॉवर कारपारेशन लि.**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**विद्युत वितरण खण्ड- किच्छा ( ऊधमसिंह नगर )-263148**
ई-मेल :- eddkichha@gmail.com

**कार्यालय आदेश**

एतद्वारा इस खण्ड के अन्तर्गत दिनांक 08.03.2026 (रविवार) को अवकाश के दिन भी समस्त राजस्व संग्रहकर्ता एवं राजस्व वसूली सम्बन्धित अधिकारियों / कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है कि राजस्व संग्रह केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की भांति कियाशील रहेंगे। साथ ही यह भी निर्देश दिये जाते है, कि सिस्टम न चलने की स्थिति में मैनुअल रसीद काटना सुनिश्चित करें, ताकि विद्युत उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना ना करना पड़े, तथा काटी गयी मैनुअल रसीद ससमय सिस्टम में पोस्ट करना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**
**विद्युत वितरण खण्ड, किच्छा**

# अमित शाह के दौरे की तैयारियों का मुख्यमंत्री ने किया स्थलीय निरीक्षण

हरिद्वार। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार स्थित बैरागी कैंप में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री का उत्तराखण्ड आगमन राज्य के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता तथा यातायात प्रबंधन सहित सभी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश





दिए कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा पुलिस एवं प्रशासन आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आने वाले आमजन की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही, चिकित्सा सुविधा, आपातकालीन सेवाओं एवं अग्निशमन व्यवस्था को पूर्ण रूप से तत्पर रखने को कहा।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अनुशासन, पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन सर्वोपरि है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया।निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने हेतु पुलिस को पुरा प्लान तैयार करने के निर्देश दिये उन्होने कहा कि शहर में किसी भी प्रकार की जाम की स्थिति न हो यातायात सुचारू रहें ताकि आमजनमानस को असुविधा न होने पाये।निरीक्षण के दौरान आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डे एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कि जा रही तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने यातायात व्यवस्था एवं वाहनों के पार्किंग व्यवस्था के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष किरन चौधरी, मेयर हरिद्वार किरन जैसल, विधायक मदन कौशिक, आदेश चौहान, प्रदीप बत्रा, सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहें।

# हर तरफ उड़ा अबीर गुलाल, होली के गीतों पर झूमे लोग




रूद्रपुर/गदरपुर/काशीपुर/ हल्द्वानी/ किच्छा (उद संवाददाता)। आपसी सौहार्द और भाईचारा का प्रतीक होली पर्व इस वर्ष भी सभी लोगों ने मिलकर हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की बधाई दी तो वहीं गुजिया और अन्य पकवान खिलाकर उनका स्वागत भी किया। होली पर्व को सबसे ज्यादा आनन्द छोटे बच्चों ने ही उठाया जो प्रातः ही उठ गये और हाथों में पिचकारी लेकर घर की छत से राह गुजरते लोगों पर रंग भरे पानी डालकर खिलखिलाते रहे। प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित होने के बावजूद भी पानी के गुब्बारों का भी जमकर उपयोग किया गया। ज्यों ज्यों दिन चढ़ता गया होली के रंगों की बहार भी बढ़ती गई। जहां सड़कों पर सैकड़ों की संख्या में लोग एक दूसरे को गुलाल लगा रहे थे तो वहीं गली मौहल्लों में युवतियां व महिलायें भी एक दूसरे को रंग लगाने में पीछे नहीं रहीं। छोटे बच्चों की खुशियों का नजारा तो यहां देखने लायक था। गीत संगीत के साथ सारा वातावरण होली के रंगों में सराबोर होता रहा। प्रातः तमाम श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना के साथ देवी देवताओं को भी गुलाल लगाया। होली के रंगों में डूबे लोगों ने होली गीतों के साथ जमकर नृत्य भी किया। इधर यहां आवास विकास कालोनी स्थित किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ के आवास में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्रातः से ही कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित भारी संख्या में लोगों ने श्री बेहड़ के आवास पहुंचकर उनके साथ ही एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दीं। जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में जिलाधिकारी नितिन भदौरिया, एसएसपी अजय गणपति ने मधुर संगीत के बीच होली का पर्व मनाया और बच्चों को अबीर गुलाल लगाकर उनकी खुशियों में शामिल हुए। वहीं पार्षदों के आवासों पर भी होली पर्व की धूम रही। क्षेत्र में होली पर्व शांति पूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा भी प्रबंध किये गये थे। वहीं महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा के निवास पर रंगो का त्योहार होली बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। **गदरपुर।** भाजपा नेत्री सोनू गुम्बर एवं नगरपालिका अध्यक्ष मनोज गुम्बर मिन्टू द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों, गणमान्य नागरिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर आए हुए अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया तथा सभी ने मिलकर होली के पर्व की खुशियां साझा कीं। नगरपालिका अध्यक्ष मनोज गुम्बर मिन्टू ने इस मौके पर कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे आयोजन समाज में मेल मिलाप और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं, जिससे आपसी रिश्ते और मजबूत होते हैं। भाजपा नेत्री सोनू गुम्बर ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को होली की मंगलमय शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने रंग गुलाल के साथ होली का आनंद लिया और उत्सव जैसे माहौल में आपसी सौहार्द का संदेश प्रसारित किया। वहीं ज्ञान विहार कॉलोनी में होली मिलन कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कॉलोनी के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम के दौरान डीजे की धुन पर महिलाओं और पुरुषों ने मिलकर नृत्य किया और होली के रंग में सराबोर होकर उत्सव का आनंद लिया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। इसके बाद सभी लोगों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई, जिसमें कॉलोनी के निवासियों ने मिलकर प्रसाद ग्रहण किया। ज्ञान विहार समिति के अध्यक्ष प्रमोद बजाज और मनोज आहूजा ने बताया कि हर वर्ष इसी प्रकार ज्ञान विहार कॉलोनी में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। **हल्द्वानी**- जनपद नैनीताल के प्रमुख शहर हल्द्वानी में भी होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर की तमाम कालोनियों व निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में होली रंगों से वातावरण पूरी तरह से सराबोर रहा। लोगों ने प्रातः से ही एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई देनी शुरू कर दी थी। वहीं बच्चों व महिलाओं में भी होली पर्व का विशेष उत्साह देखने को मिला। लोगों ने अबीर गुलाल लगाने के साथ होली मनाने घर आये लोगों को गुजिया व अन्य पकवान खिलाकर उनका स्वागत भी किया। लोकसभा क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट, स्थानीय विधायक सुमित हृदयेश, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह सहित कई पार्टी नेताओं व जनप्रतिनिधियों के आवासों के साथ साथ जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी मंजूनाथ टीसी के कैम्प कार्यालयों में भी होली पर्व की धूम रही। **किच्छा**- यहां भी होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। आदित्य चौक स्थित अपने कार्यालय पर वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में होल्यारों ने लोकगीतों के माध्यम से सनातन लोक संस्कृति और लोक परंपरा के विविध रंगों को बिखेरा। कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह भक्ति और उत्साह के साथ झूमता गाता नजर आया। सभी उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर और सहभोज करते हुए उल्लास के साथ होली की बधाई दी।समारोह के आयोजक संजीव कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि होली अधर्म पर धर्म की जीत शांति और सौहार्द का पर्व है। उन्होंने कहा कि सभी लोग आपस में मिलजुल कर इस त्योहार को मना रहे हैं क्योंकि हमारे देश की सांस्कृतिक विविधता इन रंग बिरंगे रंगों की तरह ही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि होली आपसी द्वेष और अहंकार को मिटाने वाला त्योहार है जो प्रेम की जीत का प्रतीक है। उन्होंने सभी से आपसी गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे को गले लगाने और सबके सुख दुख में बढ़ चढ़ कर शामिल होने का आह्वान किया। शाम चार बजे शुरू हुआ यह कार्यक्रम देर रात तक उत्साह के साथ चलता रहा।इस दौरान राजेश शुक्ला, कमलेन्द्र सेमवाल, अजय तिवारी, संजीव खन्ना, मनमोहन सक्सेना, विवेक दीप सिंह, राजीव सक्सेना, भुवन जोशी, लता सिंह, रेणुका चौधरी, प्रेमलता चौहान, ज्योति गड़िया, ब्रह्मानंद पुरोहित, धनंजय सिंह, संदीप कुमार, सोनू गुप्ता, मनोज गुप्ता, विशाल चौहान, कमलेश दुबे, करन गंगवार, राजीव सिंह, भूपाल शाह सहित अनेक लोग उपस्थित थे। **काशीपुर**- रंगों का त्योहार होली काशीपुर में भाईचारगी व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। होली के मौके पर तमाम जगहों पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन भी किए गए। शहर के सभी प्रमुख चौराहों, गली मोहल्लों एवं संवेदनशील इलाकों में पुलिस की पैनी नजर रही। हुड़दंग करने वालों पर पुलिस ने सख्ती दिखाई जबकि शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने वालों का पुलिस ने सहयोग किया। बुधवार को सुबह से ही आवास विकास, वैशाली कॉलोनी, टांडा उज्जैन, कवि नगर, गौतम नगर, खड़कपुर देवीपुरा, कुंडेश्वरी, गड्ढा कॉलोनी, मानपुर रोड, डॉक्टर लाइन, शिवनगर कॉलोनी, कटोराताल, चीमा चौराहा, मेन मार्केट समेत क्षेत्र के तमाम मोहल्लों व सुदूर गांवों समेत औद्योगिक आस्थान महुआखेड़ा गंज, बाजपुर, कुंडा थाना क्षेत्र के अलावा जसपुर में रंगो के पर्व होली की पुरजोर धूम रही। सुबह सवेरे से ही होलियारों ने रंग गुलाल लेकर एक दूसरे को रंग लगाना शुरू कर दिया। कहीं ढोल नगाड़ों की थाप पर तो कहीं डीजे की धुन पर होली के रंगों में सराबोर लोग डांस करते नजर आए। राजनैतिक दलों के लोगों एवं व्यापारी वर्ग ने भी भेदभाव भुलाकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड आदि सार्वजनिक स्थानों पर सन्नाटा पसरा रहा।





# होली पर सड़कों पर उतरे एसएसपी, हुड़दंगियों पर कसी नकेल



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। होली के पावन पर्व को शांतिपूर्ण सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति स्वयं क्षेत्र में मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले रखी। एसएसपी ने जनपद के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों प्रमुख बाजारों एवं महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कर सुरक्षा प्रबंधों पर सीधी नजर रखी। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को होली की शुभकामनाओं के साथ साथ पूर्ण सतर्कता एवं अनुशासन के साथ ड्यूटी निर्वहन करने के निर्देश दिए।एसएसपी के नेतृत्व में जनपद के मुख्य चौक चौराहों भीड़भाड़ वाले स्थानों तथा मिश्रित आबादी क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। मोबाइल पेट्रोलिंग टीमें लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। एसएसपी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि त्योहार की आड़ में हुड़दंग उत्पात नशे में वाहन संचालन या शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त चालानी एवं वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जनपदभर में बैरिकेडिंग कर वाहनों की गहन जांच की जा रही है। स्टंट ड्राइविंग ट्रिपल राइडिंग एवं संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस की विशेष नजर है। ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच भी की जा रही है। इसके साथ ही जिले की सोशल मीडिया सेल को सक्रिय रखा गया है ताकि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना अफवाह या आपत्तिजनक पोस्ट से आपसी सौहार्द प्रभावित न हो। ऐसे मामलों में तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।


SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश


# गदरपुर में 'फन जोन वॉटर पार्क' का किया शुभारम्भ

गदरपुर। होली के शुभ अवसर पर वार्ड नंबर 3/4 में भगवान दास मुरादिया के परिवार द्वारा नवनिर्मित "फन जोन वॉटर पार्क" का भव्य शुभारम्भ किया गया। वॉटर पार्क का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष मनोज गुम्बर मिंटू एवं उनकी धर्मपत्नी सोनू गुम्बर द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर मिंटू ने मुरादिया परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह वॉटर पार्क क्षेत्रवासियों के लिए मनोरंजन और आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से नगर में पर्यटन और मनोरंजन के नए अवसर भी बढ़ेंगे। कार्यक्रम के दौरान कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इनमें सभासद सचिन गुप्ता , रमन छाबड़ा जी, सचिन, विशु अरोरा, आस्था गुम्बर सहित क्षेत्र के अनेक लोग मौजूद रहे। सभी ने नए वॉटर पार्क के शुभारम्भ पर मुरादिया परिवार को शुभकामनाएँ दीं। होली के पावन अवसर पर शुरू हुआ यह वॉटर पार्क बच्चों और युवाओं के लिए खास आकर्षण का केंद्र बनने की उम्मीद जताई जा रही है।



# हजारों लोगों के साथ विधायक शिव ने मनाई होली

## हजारों लोग विधायक आवास पर आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में हुए शामिल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रंगो के त्यौहार होली के पर्व पर जहाँ सारी देवभूमि होली के रंग में नजर आई तो वही रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी अपने एलाइन्स कॉलोनी स्थित अपने आवास के पास होली मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। जहाँ हजारों की तादात में रुद्रपुर विधानसभा के अलग अलग क्षेत्रों से समाज के हर वर्ग के लोग, जनप्रतिनिधि पार्टी कार्यकर्त्ता शिव अरोरा से मिलने पहुँचे ओर रंगो के त्यौहार होली पर्व को विधायक को खूब गुलाल लगाकर व होली के गानों पर खूब नाच गाना कर मनाया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा रंगो, हर्षोल्लास आपसी प्रेम बढ़ाने का यह होली पर्व जिसमें एक उमंग अपनापन, सौहार्द नजर आता है हर वर्ष उनके एलाइन्स कॉलोनी स्थित आवास के समीप होली मिलन कार्यक्रम होता है। इस वर्ष भी रुद्रपुर क्षेत्र के हर वर्ग के लोग हजारों की तदात में होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। निश्चित रूप से इस होली पर्व को पार्टी कार्यकर्त्ता, समाजिक लोगो अलग अलग क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि के साथ खूब गुलाल उड़ाकर होली के रंग में गानों पर झूम कर मनाया। कार्यक्रम में कई समर्थको ने विधायक को कंधे पर उठाया ओर शिव अरोरा भी होली के रंगो में खूब झूमते नजर आये। विधायक शिव अरोरा ने कहा होली हिन्दू समाज के प्रमुख त्यौहारों में से एक है ओर यह त्यौहार आपसी प्रेम एक दूसरे के प्रति मन की बुराई को मिटाने ओर गले लगाकर सम्बन्ध को मजबूत बनाने का त्यौहार है। उन्होंने कहा हमारी सनातन परम्परा जो हमको अपनी हर पर्व की दिव्यता भव्यता को दर्शाती है होली का उत्साह हर आयु के व्यक्ति में नजर आता है। यह त्यौहार हमको अपनी संस्कृति से जोड़े हुऐ है। उन्होंने कहा इस होली पर्व पर क्षेत्र की जनता का स्नेह प्यार जो हमारी समाज क्षेत्र में ओर तेज गति से लगने हेतु ऊर्जा प्रदान करने का कार्य करता है। उन्होंने रुद्रपुर क्षेत्रवासियो को रंगो के त्यौहार होली पर्व की शुभकामनायें दी ओर कहा युवा पीडी खूब होली खेले अपनी परम्परा को आगे बढ़ाये। इस दौरान भाजपा नेता प्रति ग्रोवर, हरीश जल्होत्रा, के के दास, तरुण दत्ता, राजकुमार चौधरी, मनीष गगनेजा, पंकज बांगा, मनोज छाबड़ा, संदीप राव, विकास गूगलानी, जगदीश विश्वास, मुकेश पाल, धीरेश गुप्ता, तरुण दत्ता, राजेश बजाज, मनीष छाबड़ा, राजकुमार, गुरदीप गाबा, राजेश डाबर, चंद्रशेन चंदा, एमपी मौर्य, किरन विर्क, मनोज छाबड़ा, राधेश शर्मा, निमित्त शर्मा, राजेंद्र राठौर, कैलाश राठौर, महेंद्री शर्मा, एसपी यादव, मोर सिंह, राधे, गुरबाज दुमरा, गुरबाज सिंह, कुलदीप चंद्र, दीपक गोस्वामी, हरीश भट्ट, वैभव ग्रोवर, मोहित चड्डा, सुनील सिंह, डंपी चौपड़ा, मयंक कक्कड़, राज कोली, सतनाम सिंह, गौरव अरोरा, गौरव अनेजा, प्रमोद मित्तल, निर्मला सिंह, मुकेश रस्तोगी, विपिन कोली, संतोष पाल, जीतेन्द्र संधू, मंदीप वर्मा, जीतेन्द्र कुमार आदि समेत हजारों लोग मौजूद रहे।








# ठुकराल के होली मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की ओर से इंदिरा कॉलोनी स्थित रामलीला मैदान में आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम की लोकप्रियता का आलम यह रहा कि सुबह से ही आयोजन स्थल पर लोगों का रैला लगना शुरू हो गया था जो दोपहर होते-होते हजारों की भीड़ में तब्दील हो गया। क्षेत्र के कोने-कोने से आए भारी संख्या में समर्थकों और स्थानीय निवासियों ने राजकुमार ठुकराल से मिलकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दी और फूलों व रंगों के साथ इस पर्व का आनंद लिया। इस दौरान राजकुमार ठुकराल ने पारंपरिक होल्यारों के साथ जमकर अबीर गुलाल उड़ाया और ढोल नगाड़ों की थाप पर होली के गीतों का आनंद लिया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि होली का यह पावन पर्व मात्र रंगों का त्योहार नहीं है बल्कि यह हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक दूसरे के प्रति प्रेम और मेल जोल बढ़ाने की महत्वपूर्ण सीख देता है। उन्होंने कहा कि राजनीति अपनी जगह है लेकिन सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारा सबसे ऊपर है। ठुकराल ने आगे कहा कि जिस तरह होली के अलग-अलग रंग मिलकर एक खूबसूरत छटा बिखेरते हैं उसी तरह समाज के हर वर्ग को एक साथ मिलकर क्षेत्र की उन्नति और शांति के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने समाज में व्याप्त ईर्ष्या और द्वेष को त्याग कर एक दूसरे के सुख दुख में सहभागी बनने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यक्रम में आए प्रत्येक व्यक्ति का व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद करते हुए कहा कि जनता का यही अटूट विश्वास और अपार स्नेह उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। इस समारोह में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं, व्यापारियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने शिरकत की। दोपहर तक चले इस कार्यक्रम में चारों ओर उल्लास का वातावरण बना रहा और लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाया। इस दौरान ठुकराल के आवास पर होली खेलने पहुंचे लोगों में समाजसेवी विजय भूषण गर्ग, हरविंदर सिंह हरजी, संजय ठुकराल, ताराचंद्र अग्रवाल, भाजपा जिला मंत्री प्रमोद मित्तल, पूर्व महापौर रामपाल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल चौहान, राकेश सिंह, घनश्याम श्यामपुरिया, बलदेव छाबड़ा, छात्र संघ अध्यक्ष रजत बिष्ट, उपाध्यक्ष चेतन भट्ट, सचिव सचिन गंगवार, भाजपा पूर्व अध्यक्ष सुशील यादव नीटू, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, यशपाल घई, पवन वर्मा, परिमल राय, मोहित यादव, पार्षद एन पी मौर्या, पार्षद अशफाक अंसारी, पार्षद जितेश शर्मा, पार्षद बाबू खान, पार्षद मानवेंद्र राय, पार्षद दर्शन कोली, पार्षद सौरभ बेहड, पार्षद चिराग कालरा, जिला पंचायत सदस्य सुखदेव हालदार, प्रकाश दास, पम्मी सुखीजा, मुल्कराज सुखीजा, प्रमोद बोरा, पंकज सुखीजा, मनीष मित्तल, ज्ञान सिंह चौहान, कंवरपाल सिंह, केशव शर्मा, देवेंद्र बामल, श्याम सिंह चौहान, राजू गुप्ता, हरेंद्र सिंह, रघुराज सिंह रावत, देवेश कुमार, भूपेश चिम्बवाल, आकाश आहूजा, अवतार सिंह, अर्जुन कुमार, सुरेंद्र शर्मा, विकास कुमार, दीपक सागर, सुशील सागर, मोनिका डाली, उमा सरकार, आशीष श्रीवास्तव, देवेंद्र कुमार, संजीव गुप्ता, विकास बंसल, कमलदीप सोनकर, हरभजन सिंह, राजवीर सिंह विर्क, पवन गाबा, राजकुमार सीकरी, सतनाम सिंह पप्पू, विनेश गुप्ता, गीता गुप्ता, त्रिलोचन सिंह, प्रदीप त्यागी, अशोक कामरा, राजेश कामरा, अशोक गुंबर, जगदीश टंडन, वीरेंद्र सुखीजा, बंटी मक्कड़, ऋतिक जुनेजा, सनी अरोरा, यशपाल गुलाटी, रमेश गुलाटी, विनोद घई, दलविंदर, राजन ठुकराल, हरीश गुंबर, विपिन राजपूत, संजीव चौधरी, अरुण ग्रोवर, मंगत अरोरा, डॉक्टर सीडी ठुकराल, सतीश ठुकराल, सत्येंद्र शर्मा, राकेश शुक्ला, अमित शर्मा, राजकुमार जांगड़ा, प्रवीण तिवारी, राकेश गुलाटी, जगदीश अरोड़ा, दीपक मल्होत्रा, आदित्य आहूजा, लकी बत्रा, सुदर्शन हांडा, राजीव सिंह, जगदीश सुखीजा, अजय नारायण सिंह, ललित सिंह बिष्ट, आनंद शर्मा, केरू मंडल, राजवीर सिंह विर्क, सुखवंत सिंह, अजय ठुकराल, संजय ठुकराल, विजय बाजपेई, शिव कुमार शिबू, राजेश गर्ग, दीपक अरोड़ा, बोबी टुटेजा, राहुल सरीन, आकाश अरोरा, बलदेव छाबड़ा, संदीप ठुकराल, मनीष ठुकराल, हनीश ग्रोवर, जॉमी चंदा, अंकित बटला, गगन ग्रोवर, आकाश बाटला, किशन सुखीजा, कपिल शर्मा, संजय गुप्ता, नीरज तिवारी, साहब सिंह, आदि समेत हजारों लोग थे।








उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती

भारत और कनाडा के बीच हुए अहम समझौतों को कूटनीतिक एवं आर्थिक संबंधों के एक नए अध्याय के रूप में देखा जा रहा है। दोनों देशों ने सोमवार को यूरेनियम और दुर्लभ खनिजों की दीर्घकालिक आपूर्ति समेत कई ऐतिहासिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इस कदम को द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती के लिए संजीवनी की तरह माना जा रहा है, क्योंकि रिश्तों में आए लंबे गतिरोध के बाद सहयोग के रास्ते खुले हैं। ये समझौते इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं कि दोनों देशों के संबंध अब अस्थिरता के दौर से बाहर निकलकर अधिक परिपक्व और भविष्य की जरूरतों को समझकर साझेदारी को आगे बढ़ाने के चरण में प्रवेश कर चुके हैं।कनाडा से यूरेनियम की आपूर्ति होने से जहां भारत के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए ईंधन की निरंतरता सुनिश्चित होगी, वहीं दोनों देशों में निवेश और व्यापारिक गतिविधियों के नए प्रवाह से आर्थिक विकास को गति मिलने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। वर्तमान में दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार तेरह अरब डालर के आसपास है, जिसे चौगुना करने का लक्ष्य रखा गया है।गौरतलब है कि भारत और कनाडा के संबंधों में वर्ष 2023 में उस वक्त खटास पैदा हो गई थी, जब तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारतीय एजंट की संलिप्तता के आरोप लगाए गए थे। भारत ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था, लेकिन इस घटनाक्रम के बाद दोनों देशों के संबंध अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए थे। हालांकि, पिछले वर्ष मार्च में मार्क कार्नी के कनाडा के प्रधानमंत्री बनने के बाद से दोनों पक्षों ने संबंधों के पुनर्निर्माण और विश्वास बहाली के लिए उपायों की एक निरंतर शृंखला शुरू की, जिसका नतीजा अब ऐतिहासिक समझौतों के रूप में सामने आया। इस रणनीतिक साझेदारी के केंद्र में इस वर्ष के अंत तक 'व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते' को संपन्न करने और वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय वार्षिक व्यापार को बढ़ाकर पचास अरब डालर के पार ले जाने का संकल्प व्यक्त किया गया है। कनाडा से यूरेनियम की आपूर्ति से संबंधित समझौते को भारत की ऊर्जा सुरक्षा की लिहाज से अत्यंत महत्त्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इसके अंतर्गत वर्ष 2027 से 2035 के बीच भारत को लगभग 2.2 करोड़ पाउंड यूरेनियम की आपूर्ति कनाडा से की जाएगी। यही नहीं, दुर्लभ खनिजों पर हुआ समझौता भारत के स्वच्छ ऊर्जा अभियान और इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग को गति एवं नई दिशा देने में अहम भूमिका निभा सकता है। कनाडा में दुर्लभ खनिजों का विशाल भंडार है और यह समझौता भारत के लिए एक मजबूत एवं सुरक्षित आपूर्ति शृंखला सुनिश्चित करने में मददगार होगा। इसी तरह रक्षा के क्षेत्र में भी दोनों देशों ने सहयोग के नए आयाम खोले हैं और द्विपक्षीय रक्षा संवाद स्थापित करने का निर्णय लिया है, जो रक्षा उद्योगों के एकीकरण और सैन्य साजो-सामन के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के साथ ही समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा के साझा प्रयासों को मजबूती से आगे बढ़ाएगा।

# ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

शक्तिफार्म।ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल, श्रीमती कलावती जोशी, समाजसेवी अशोक शेखों, ब्लॉक खेल समन्वयक निर्मल सरकार, पूर्व अध्यापक एवं उद्घोषक पंकज राय, सभासद विक्रम सिंह भंडारी एवं संजय कुमार सहित अन्य सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय प्रबंधक नवीन जोशी, प्रधानाचार्य एवं उप-प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का बुके एवं शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। व्यायाम शिक्षक प्रकाश सिंह बोरा, प्रदीप कुमार एवं लक्ष्मण सिंह सम्मल ने प्रतियोगिताओं की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि श्रीमती कलावती जोशी ने विधिवत खेलों की घोषणा की।एथलेटिक्स स्पर्धाओं में 1500 मीटर दौड़ में गौरव मेवाड़ी प्रथम, रुद्र



अग्निहोत्री द्वितीय एवं हर्षित तृतीय रहे। 800 मीटर दौड़ में सारांश यादव, अंकित चंद्र व अभिनय यादव तथा बालिका वर्ग में दिव्या, कोमल रावत व राशि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 400 मीटर में सारांश, सागर व त्रिलोक सिंह तथा बालिका वर्ग में परिधि, ईशा कुंवर व आयुषी मंडल विजेता रहे। लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक एवं भाला फेंक जैसी स्पर्धाओं में छात्र-छात्राओं ने दमदार प्रदर्शन किया। बैडमिंटन, शतरंज व टेबल टेनिस प्रतियोगिताएं भी रोमांचक रहीं। 100 मीटर, 200 मीटर व 4100 मीटर रिले दौड़ में खिलाड़ियों ने जोश और टीम भावना का परिचय दिया। इसके अतिरिक्त रस्सा-कसी, जलेबी दौड़, केला दौड़ एवं कट्टा दौड़ जैसी रोचक प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया। समापन समारोह में राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बाल मुकुंद तिवारी, जयंत मंडल, हरि शंकर यागिक एवं विनोद कुमार ने विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों के अनुशासन, खेल भावना एवं उत्साह की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। तीन दिवसीय इस खेल महोत्सव ने यह सिद्ध कर दिया कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना और आत्मविश्वास का भी सशक्त आधार हैं। विद्यालय परिवार ने सफल आयोजन हेतु सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# चुनाव में नशे को बढ़ावा देने वाले नेताओं के बहिष्कार की उठाई मांग

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। देवनगर में आयोजित श्री श्री काली पूजा के मुख्य आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता सुब्रत कुमार विश्वास ने नशे के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए क्षेत्रीय नेताओं पर तीखा निशाना साधा। मंच से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव के समय जो नेता शराब, नोट और मीट बांटकर वोट खरीदते हैं, जनता को ऐसे लोगों का पूर्ण बहिष्कार करना चाहिए। विश्वास ने चेतावनी दी कि ऐसे नेता नशा विक्रेताओं को संरक्षण देकर समाज को पतन की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि युवाओं को नशे की लत लगाकर उनकी आंखें बंद कर दी जाती हैं ताकि वे भविष्य में सवाल न पूछ सकें।सितारगंज क्षेत्र में बढ़ते नशे के प्रकोप पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा



कि इससे युवा और परिवार बर्बाद हो रहे हैं, जबकि वर्तमान समय में शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना अनिवार्य है। उत्तराखंड के युवाओं को नशे की चपेट से बचाने के लिए उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे वोट खरीदने वालों का खुलकर विरोध करें। बंगाली समाज के लंबे संघर्ष का जिक्र करते हुए सुब्रत कुमार विश्वास ने बांग्ला भाषा को आरक्षण देने और बंगालियों को बांग्लादेशी कहे जाने की प्रथा को तत्काल बंद करने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि यह उनका मूलभूत अधिकार है और यदि सरकार बंगालियों के हक की बात करे तो उन्हें समाज का भारी समर्थन मिलेगा, लेकिन वर्तमान में समाज आज भी अपने अधिकारों के लिए दर दर भटक रहा है।इसके साथ ही उन्होंने ओडिशा में 188 बंगाली परिवारों के घर जलाए जाने की घटना पर गहरा विरोध जताया और तीन माह बीतने के बाद भी पुनर्वास न मिलने पर सरकार से उचित कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम के समापन पर उन्होंने राजनीति को सबसे खतरनाक नशा बताते हुए भगत सिंह और सुभाष चंद्र बोस के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सत्ता परिवर्तन नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन होना चाहिए, तभी देश और नेता दोनों में सुधार आएगा। इस दौरान उन्होंने श्री श्री काली पूजा कमेटी के सभी पदाधिकारियों का आभार भी व्यक्त किया।

# जरूरतमंद बच्चों के साथ बांटी होली की खुशियां

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन (इंडिया) रजि. ने होली का पर्व जरूरतमंद और गरीब बच्चों के साथ मनाकर समाज में प्रेम, समानता और सेवा का संदेश दिया। संस्था की फाउंडर ममता पांडे के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के साथ रंग खेलकर उन्हें फल, रंग, पिचकारी, फेस मास्क, गुजिया, बिस्कुट, चिप्स, कोल्ड ड्रिंक, चॉकलेट, टॉफियां सहित अन्य उपयोगी सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ संवाद कर उनकी आवश्यकताओं को समझा गया और सुरक्षित व पर्यावरण अनुकूल रंगों के साथ होली खेली गई। बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। साथ ही बच्चों को स्वच्छता, स्वास्थ्य और शिक्षा के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया।संस्था के फाउंडर दीपक पांडे ने कहा कि ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन की प्राथमिकता हमेशा से बच्चों और वंचित वर्गों का सर्वांगीण विकास रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों की मुस्कान ही समाज के उज्ज्वल भविष्य की पहचान है और सेवा केवल दान नहीं बल्कि सम्मान और सहयोग का नाम है। फाउंडर ममता पांडे ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि समाज में निरंतर सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने सभी सहयोगियों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की भागीदारी से ही ऐसे कार्यक्रम सफल हो पाते हैं।संस्था के सदस्यों ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, रुद्रपुर के मेयर विकास शर्मा, विधायक शिव अरोड़ा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और व्यापारियों के निवास पर जाकर होली की शुभकामनाएं भी दीं। कोषाध्यक्ष हरीश पांडे ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि होली और अन्य त्योहारों को सुरक्षित, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और आपसी भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। इस अवसर पर प्रज्वल पांडे और परिधि पांडे सहित संस्था के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे और उन्होंने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।



# होमस्टे में घुस आया चोर शराब पीकर हो गया धुत्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अगर किसी मदिरा प्रेमी को पीने के लिए फ्री में बढ़िया शराब पीने को मिल जाए तो उसे खुद को रोक पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसा ही वाक्या नैनीताल में होली से पहले रात्रि चोरी के इरादे से होमस्टे में घुस आए चोर युवक के साथ हो गया। उसने घर में इतनी शराब पी ली कि उसे खुद की भी होश नहीं रही और वह वहीं पर ही नशे में धुत्त होकर गहरी नींद सो गया। सुबह होमस्टे मालिक और कर्मचारियों ने उसे पकड़ा तो मामला थाने के बजाय सीधे नशा मुक्ति केंद्र पहुंच गया। यह मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि अयारपाटा निवासी प्रदीप अपने घर के पास संचालित होमस्टे को सोमवार रात ताला लगाकर बेफिक्र हो घर चले गए थे। रात एक युवक ने होमस्टे में सेंधमारी कर दी। उसने कमरों की तलाशी ली, अलमारियां खंगालीं, लेकिन कोई कीमती सामान हाथ नहीं लगा। इसी दौरान किचन में उसे बढ़िया शराब की बोतल दिखाई दी। इसके बाद चोरी का इरादा बदल गया और युवक ने वहीं बैठकर शराब की महफिल जमा दी और अकेले ही पूरी बोतल गटक गया और नशा अधिक होने पर होमस्टे के भीतर ही सो गया। सुबह जब प्रदीप और कर्मचारी होमस्टे पहुंचे तो दरवाजा खुला देखकर चौंक गए। अंदर एक अनजान युवक बेसुध हालत में सोता मिला। उसे जगाने का प्रयास किया वो युवक शर्मिंदा होने के बजाय उनके साथ गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करने लगा।स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए। युवक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर मामले की तहरीर मल्लीताल कोतवाली में दी गई। बाद में युवक के परिजन भी थाने पहुंचे। उन्होंने बताया कि युवक नशे का आदी है और बेरोजगार है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# मुंबई मे भव्यता और संस्कृति के रंगों में सजा होली मिलन समारोह

रूद्रपुर। ऐरोली नवी मुंबई में देवभूमि चैरिटेबल टस्ट एवं समस्त उत्तराखंड समाज द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह 2026 अत्यंत हर्षोल्लास, अनुशासन एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम में महिलाओं, पुरुषों, युवाओं एवं वरिष्ठजनों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया।समारोह का मुख्य आकर्षण पारंपरिक उत्तराखंडी खड़ी होली रही, जिसे महिला एवं पुरुषों द्वारा मधुर स्वरों में प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही झोड़ा, चांचरी एवं झुमैलो लोकगीतों और लोकनृत्यों ने उपस्थित जनसमूह को पहाड़ी संस्कृति की जीवंत अनुभूति कराई।फूलों एवं रंगों की मर्यादित होली ने वातावरण को प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे के रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम पूर्णत: नशामुक्त एवं पारिवारिक वातावरण में आयोजित किया गया, जहाँ महिलाओं एवं बुजुर्गों का विशेष सम्मान किया गया।युवाओं ने पहाड़ी क्श्र गीतों पर उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वहीं देवभूमि कैटर्स द्वारा प्रेम, सेवा भावना और पारंपरिक स्वाद के साथ तैयार किए गए शुद्ध शाकाहारी पहाड़ी व्यंजनों ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया।स्वाद, स्वच्छता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखते हुए तैयार किए गए व्यंजनों की सभी अतिथियों ने भरपूर सराहना की।देवभूमि कैटर्स की टीम ने सीमित संसाधनों में भी उत्कृष्ट व्यवस्थापन कर यह सिद्ध किया कि समर्पण और ईमानदारी ही सफलता की वास्तविक पहचान है। आयोजन की सफलता के पीछे देवभूमि चौरिटेबल ट्रस्ट की समर्पित टीम की कड़ी मेहनत, ईमानदारी एवं समाज के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं पदाधिकारीश्री दिवानसिंह रामसिंह सौंन, श्रीमती दीपा दिवानसिंह सौंन, श्री दिलवरसिंह रावत, श्री सुरेश उपाध्याय,श्री मोहनसिंह गौबाडी,श्री बिक्रमसिंह रामसिंह सौंन,श्री पूरन चंद्र पांडे,श्री पूरनसिंह सौंन,श्री फकीरसिंह बिष्टतथा पंडित श्री पुनित रतूड़ी एवं आचार्य टीमश्री मोहनसिंह कठायत,श्री विष्णुदत्त जोशी,श्री हीरा बल्लभ जोशी,श्री संतोष दा,श्री वीरेंद्रसिंह रावत,श्री पानसिंह बोरा,श्री कृष्णा ध पोला,श्री बी.एस. नेगी,श्री भूपेंद्र चंद ठाकुर श्री संदीप भारद्वाज,श्री प्रेमसिंह रावतएवं समस्त समाज के महत्वपूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन से यह आयोजन अत्यंत सफल रहा। अंत में ट्रस्ट परिवार ने सभी समाजबंधुओं, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक एवं सामाजिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।







# ईरान-इजरायल युद्ध ने बढ़ाई उत्तराखंडियों की चिंता

## कुवैत, बहरीन, कतर, दुबई आदि में होटल, ड्राइविंग, आयल रिफाइनरी समेत अन्य उद्योगों में कार्यरत है कई लोग

देहरादून/हल्द्वानी। ईरान व इजराइल के बीच युद्ध को देखते हुए उत्तराखंड सरकार केवल इन दो देशों ही नहीं, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया क्षेत्र में बसे उत्तराखंडी नागरिकों की सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गया है। सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने जिलों से जुड़े उन परिवारों की सूची तैयार रखें जिनके सदस्य इन देशों में कार्यरत हैं। राज्य सरकार का फोकस उन देशों पर है जहां बड़ी संख्या में उत्तराखंड के प्रवासी कामगार, नर्सिंग स्टाफ तथा होटल उद्योग से जुड़े कर्मचारी और पेशेवर कार्यरत हैं। राज्य सरकार इन देशों में बसे सभी प्रवासी उत्तराखंडी नागरिकों की सूची तैयार करा रही है। दिल्ली में राज्य के स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा को सभी संबंधित देशों के दूतावासों के संपर्क में रहने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं राज्य स्तर पर हेल्प डेस्क एक्टिव कर दी गई है। उत्तराखंड के सबसे अधिक लोग यूएई, सऊदी अरब, कतर और कुवैत में हैं। खाड़ी क्षेत्र ही प्रदेश के प्रवासी कामगारों का प्रमुख केंद्र है, जबकि इजराइल और ईरान में संख्या तुलनात्मक रूप से कम है। सभी प्रवासी नागरिकों के लिए प्रदेश सरकार ने क्यूआर कोड व लिंक जारी किया है। इससे विदेशों में बसे प्रवासी अपना पंजीकरण दूतावासों में करा सकते हैं। राज्य कंट्रोल रूम को अलर्ट पर रखा गया है। गृह विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग के स्तर पर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है, जो सीधे विदेश मंत्रालय से समन्वय करेंगे। विदेश में रह रहे उत्तराखंडवासियों के परिवारों को सलाह दी गई है कि वे अपने परिजनों से संपर्क कर उन्हें भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने और आधिकारिक एडवाइजरी का पालन करने के लिए कहें। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने बताया कि उत्तराखंड सरकार ने एहतियातन अपनी तैयारी की है। प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि प्रदेश का कोई भी नागरिक संकट में असहाय न रहे और केंद्र सरकार के साथ समन्वय कर त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ईरान पर इजरायल व अमेरिका की ओर से छेड़े गए युद्ध ने उत्तराखंडियों की चिंता भी बढ़ा रखी है। कुमाऊं से तमाम परिवार खाड़ी देशों में नौकरी करते हैं। युद्ध के बाद से यहां स्वजन अपनों के लिए चिंतित हैं और लगातार फोन से संपर्क बनाए हुए हैं। कुवैत, बहरीन, कतर, दुबई आदि में होटल, ड्राइविंग, आयल रिफाइनरी समेत अन्य उद्योगों में कार्यरत लोग फिलहाल वहां बड़ा खतरा नहीं होने की बात कह रहे हैं लेकिन तनाव बना हुआ है। **नैनीताल।** मूल रूप से रानीखेत निवासी कुवैत में रहने वाली सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर गीतिका बवाड़ी पपनै ने इंस्टाग्राम पर हुई बातचीत में बताया कि सभी कुवैत व बहरीन में सभी उत्तराखंडी सुरक्षित हैं। गीतिका ने वीडियो जारी कर बताया कि कुवैत में अमेरिकी बेस पर ईरान के हमले के बाद तमाम नागरिक घरों में सामान जमा कर रहे थे लेकिन अब हालात सामान्य हैं।रामनगर। शहर के इंद्रा कालोनी निवासी ध्रुव शर्मा ने बताया कि उनका बेटा दीपक शर्मा बहरीन में पेट्रोलियम इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। जुलाई में वह भी बहरीन गए थे।अब ईरान व इजरायल युद्ध चल रहा है। कंपनी में काम उनका चल रहा है। सुबह, शाम व दिन में फोन कर ताजा स्थिति की जानकारी बेटे से ले रहे हैं। हालात सुधरते ही बेटे को घर आने के लिए कहा है। **बागेश्वर।** जिले के कई युवा दुबई, अबूधाबी तथा कतर सहित अन्य खाड़ी देशों में होटल, ड्राइविंग व अन्य प्रतिष्ठानों में कार्य कर रहे हैं।रवांईखाल निवासी दलित सिंह कोरंगा ने फोन पर बताया कि वह पिछले 25 वर्षों से दुबई में वाहन चालक के रूप में कार्यरत हैं।दुबई में फिलहाल स्थिति सामान्य है और वहां कामकाज नियमित रूप से चल रहा है। बिलौरीझाल निवासी संजय सिंह तथा थान सिंह कोरंगा भी दुबई में कार्यरत हैं। सके अलावा पुरड़ा, लौबांज आदि क्षेत्रों के कई युवा खाड़ी देशों में रोजगार से जुड़े हैं। **अल्मोड़ा।** धौलादेवी ब्लाक के मयोली गांव निवासी रमेश जोशी ने दुबई से अपने स्वजन को संदेश भेजा है।संदेश में काफी तनाव की बात लिखते हुए सुरक्षित होने और चिंता न करने की बात लिखी है।रमेश जोशी ने बताया कि हम लोग ठीक हैं और वर्क फ्राम होम की व्यवस्था की गई है। रमेश जोशी की पत्नी, बच्चे, मां और भाई गांव में ही रहते हैं। **पिथौरागढ़।** नगर के भाटकोट की रहने वाली असरा सरोज 15 वर्षों से अपने पति और दो बेटियों के साथ सऊदी अरब के दमाम शहर में रह रही हैं। उनके पति बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया माहौल फिलहाल सामान्य है। **देहरादून।** उत्तराखंड के देहरादून के मोकमपुर माजरी के रहने वाले कैलाश लिस्ट ओमान में शिपिंग कंपनी में काम करते हैं. रविवार सुबह ओमान में कैलाश बिष्ट जहां रहते हैं उनके घर से ठीक 1 किलोमीटर की दूरी पर ड्रोन अटैक हुआ, करीब दो बार उनके घर से 1 किलोमीटर की दूरी पर ब्लास्ट हुए। कैलाश बिष्ट के साथ एक उत्तराखंड का नागरिक, उड़ीसा, दो आंध्र प्रदेश ,पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु के नागरिक साथ रह रही है कैलाश बिष्ट बताया कि ओमान के दुकुम मैं 30 से 40% भारतीय वहां रहते हैं और सभी सुरक्षित है । उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के मंगलौर क्षेत्र में रहने वाले कई परिवारों की चिंता बढ़ गई है। मोहल्ला हल्का, पठानपुरा और जैनपुर के कई युवक, कामगार ओर छात्र अभी भी ईरान में फंसे हुए हैं। किसी परिवार के दो तो किसी के चार सदस्य वहां मौजूद हैं। परिजनों का कहना है कि लगातार हमलों और तनाव की खबरें सामने आने से बेचैनी बढ़ गई है।




## उत्तराखंड के एक भी नागरिक को नुकसान नहीं पहुंचने देंगे : धामी

### फंसे लोगों को निकालने के लिए एजेसियों को किया अलर्ट

देहरादून( उद संवाददाता)। ईरान और इजरायल के बीच जारी तनाव और युद्ध जैसे हालात को लेकर उत्तराखंड सरकार पूरी तरह सतर्क हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट कहा है कि राज्य की सभी संबंधित एजेंसियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है और हालात पर लगातार नजर बनाए रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दिल्ली स्थित गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क में है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जैसे ही केंद्र सरकार या प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से कोई दिशा-निर्देश प्राप्त होंगे, राज्य सरकार उसी के अनुरूप तत्काल कदम उठाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ईरान या इजरायल में फंसे उत्तराखंड के लोगों को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से भारत वापस लाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। राज्य सरकार की ओर से वहां मौजूद लोगों और उनके परिजनों से लगातार संपर्क साधा जा रहा है और उनकी स्थिति की जानकारी ली जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, "हम लगातार प्रधानमंत्री कार्यालय और विदेश मंत्री कार्यालय के संपर्क में हैं। हमारी कोशिश है कि उत्तराखंड के रहने वाले सभी लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। इस कठिन समय में हम अपने हर नागरिक के साथ खड़े हैं। हम उत्तराखंड के एक भी नागरिक को नुकसान नहीं पहुंचने देंगे।" उन्होंने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर राज्य स्तर पर विशेष समन्वय तंत्र तैयार किया जाएगा, ताकि राहत और वापसी की प्रक्रिया में कोई बाधा न आए।



## पेज एक का शेष...

**अलग अलग हादसों मे ...**गई। इसी दौरान वहां से गुजर रहे दो बाइक सवार युवकों ने मानवता दिखाते हुए तीनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद एक युवक को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि बच्ची समेत दो अन्य घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही आदर्श कॉलोनी पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक की जेब से आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं। आधार कार्ड के अनुसार मृतक का नाम सुनील है और वह ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के शिवनगर का निवासी बताया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और हादसे के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं मंगलवार देर रात किच्छा रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में सड़क पार कर रहे 45 वर्षीय सिक्योरिटी गार्ड को तेज गति से जाते अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक योगेंद्र कुमार पुत्र छत्तरपाल, मूल रूप से यूपी के बरेली जनपद के बहेड़ी के रहने वाले थे और वर्तमान में किच्छा रोड स्थित एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत थे। बताया जाता है कि मंगलवार को रात्रि में योगेंद्र कुमार ड्यूटी के दौरान किच्छा रोड पर सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में योगेंद्र कुमार को तत्काल एक निजी अस्पताल पहुंचाया जहां उनकी हालत अत्यंत गंभीर बनी रही। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि वाहन और चालक की पहचान हो सके। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया और पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

**उत्तराखंड की जीडीपी...**साढ़े चार लाख लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। इसी प्रकार बड़े उद्योगों की संख्या भी 107 से बढ़कर 128 हो गई है। स्टार्टअप के क्षेत्र में उत्तराखंड एक नई पहचान बना रहा है। वर्ष 2017 में प्रदेश में एक भी स्टार्टअप नहीं था, जबकि 2022 में इनकी संख्या 702 थी जो अब बढ़कर 1750 तक पहुंच गई है। बुनियादी ढांचे और ऊर्जा के क्षेत्र में भी राज्य ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। पिछले चार वर्षों के दौरान प्रदेश में 885 किलोमीटर लंबी नई सड़कों का निर्माण किया गया है। सौर ऊर्जा उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज करते हुए राज्य ने 2022 के 439 मेगावाट के आंकड़े को पार कर अब 1027 मेगावाट बिजली उत्पादन शुरू कर दिया है। कृषि और डेयरी क्षेत्र में चावल, दूध और मछली उत्पादन में भी निरंतर बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार राज्य की जीएसडीपी में सबसे बड़ा योगदान मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर का रहा है, जिसकी हिस्सेदारी 26.02 प्रतिशत दर्ज की गई है।

**देह व्यापार करने ...**छापेमारी की। पुलिस ने मौके से नाबालिग पीड़िता को बरामद कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में यह खौफनाक तथ्य सामने आया कि अभियुक्तों ने नाबालिग को लंबे समय से बंधक बनाकर रखा था और उससे जबरन अनैतिक देह व्यापार करवाया जा रहा था।पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म की पुष्टि होने पर पुलिस ने एफआईआर संख्या 63/2026 के तहत धारा 65(1), 140(3), 143(1), 127(2) बीएनएस एवं 5/6 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में जाहिद, शिवम, शोभा और सोमा शामिल हैं। पुलिस द्वारा इस गिरोह से जुड़े अन्य फरार सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

**होली में छत से ...**आवाज सुनकर उसकी मां और आसपास की महिलाएं दहशत में आ गईं। हमलावर युवक इससे पहले कि पकड़े जाते, अपनी बाइक पर सवार होकर तेजी से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही रुद्रपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले लिए हैं, जिसमें चारों आरोपी दिखाई दे रहे हैं। पुलिस का कहना है कि फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**नाव चला रहा युवक....**का दौरा पड़ता था, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मिर्गी का दौरा पड़ने के दौरान वह नाव से गिर गया। इस बीच एनडी आरएफ की तैयारी की पोल तब खुल गई जब नानक सागर डैम में डूबे युवक को बचाने के लिए एनडीआरएफ की टीम मोटर नाव लेकर पहुंची थी, लेकिन कई घंटे की मशक्कत के बाद भी नाव मोटर चालू नहीं हो पाई। एनडीआरफ की टीम हाथ से नाव को चलाती हुई डेम में पहुंची,लेकिन इसके बावजूद भी नाव स्टार्ट नहीं हुई। काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया।

**बाइक सवार को बचाने...**कार संख्या यूके 08 एपी 5858 से तेजी से जा भिड़ी। अचानक हुई इस दुर्घटना में दोनों कारों में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। बाईक चालक मौके से भाग निकला। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। उन्होंने कार से सभी घायलों को बाहर निकाला और मामले की जानकारी पुलिस को दी। इधर मामले की सूचना मिलते ही घायलों के परिजन भी आ गये। बताया जाता है कि घटना के तत्काल बाद कार में लगे सेफ्टी एयर बैग खुल जाने से एक गंभीर हादसा होने से टल गया। जबकि दोनों कारों को भारी क्षति पहुंची है।

**विवाहिता की संदिग्ध मौत...**समय से परेशान कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रियंका ने मरने से पहले फोन कर उसे जहर खिलाए जाने की सूचना दी थी। जब वे लोग आनन फानन में सुनखरी पहुंचे तो प्रियंका होश में थी और उसने परिजनों को बताया कि ससुराल वालों ने उसे जहर दे दिया है। परिजन उसे तुरंत नानकमत्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया, लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। कोतवाल मंजू पांडे ने बताया कि अभी मामले में कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, तहरीर मिलने के बाद पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**संदिग्ध हालातों में ...**रोका तो उनकी परिजनों से नोंक-झोंक हो गई और परिवार के लोग शव घर ले गए। बाद में दरोगा चंदन बिष्ट, कांस्टेबल कृष्ण गांव में पहुंचे और परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई को भेजा है। पुलिस के मुताबिक युवती को मां ने डांट दिया था। पुलिस जांच कर रही है। उधर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक एक से छोटी थी। उससे छोटा भाई है।

## दो शातिर बदमाश चाकू के साथ गिरफ्तार

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। सिडकुल चौकी पुलिस ने क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे दो बदमाशों को अवैध चाकू और उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। होली पर्व के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था और संदिग्धों की चेकिंग के दौरान उपनिरीक्षक अनिल मेहता और सतीश बाबू की टीम गश्त पर थी। रात्रि करीब साढ़े सात बजे जब पुलिस टीम वोल्टास चौक से सिकाकु कंपनी की ओर जाने वाली सड़क पर पहुंची, तो अंधेरे में खड़े दो युवक पुलिस वाहन को देखकर भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर आवश्यक बल प्रयोग करते हुए दोनों को मौके पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पहले अभियुक्त इमरान पुत्र इरशाद निवासी स्वार (रामपुर) हाल निवासी वार्ड 17 खेड़ा, रुद्रपुर के पास से एक अवैध रामपुरिया चाकू, दो लोहे की चाबियां और एक कैंची बरामद हुई। दूसरे अभियुक्त दीपक पुत्र ज्वाला पासवान निवासी वार्ड 17 खेड़ा, रुद्रपुर की जामा तलाशी लेने पर उसके पास से भी एक अवैध रामपुरिया चाकू, एक बड़ा पेचकस और एक हेक्सा ब्लेड बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे सिडकुल क्षेत्र में चोरी करने के इरादे से आए थे और सुरक्षा के लिए अपने पास चाकू रखते थे। पुलिस अब इनके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

**गद्दी पर मणिकांत...** है। बहरहाल ताजा एनकाउंटर केस में कहानी कुछ इस प्रकार बनी कि पुलिस की पार्टी पर हमला करने वाले आरोपी ने पुलिस घेराबंदी तोड़कर भागने की कोशिश की और पुलिस ने उसे रोकने के लिए गोलियां चलाई ।मजे की बात तो यह है की पुलिस के सिपाहियों की गोली अपराधियों के घुटने के नीचे ठीक वही लगी, जहां पहले के पुलिस कप्तान मणि शंकर मिश्रा के कार्यकाल में लगती रही है। हां, अस्पताल में हुए फोटो सेशन में फोटोग्राफ लेने का एंगल जरूर कुछ बदला हुआ नजर आया ।नए पुलिस कप्तान अजय गणपति ने घायल अपराधी के साथ उस एंगल पर खड़े होकर फोटो नहीं खिंचवाई जिस एंगल और जिस रुतबे के साथ मणि शंकर मिश्रा खिंचवाया करते थे। उपरोक्त मामले में पुलिस द्वारा तमंचे और कारतूस की बरामदगी भी दिखाई गई है, लिहाजा नजरे अब इस पर भी रहेगी कि पुलिस तमंचा बनाने की कारखाने और शहर में तमंचा सप्लाई करने वाले सिंडिकेट की जड़ को तक पहुंच कर उसे नेस्तनाबूद करने की कोशिश करती है अथवा नहीं ?

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

**स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित**

**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# होली मिलन में महापौर विकास शर्मा के आवास पर उमड़ा जनसैलाब

## गंगापुर रोड स्थित नंद विहार में भाजपा कार्यकर्ताओं और शहर के गणमान्य लोगों ने दी बधाई





रुद्रपुर (उद संवाददाता)। महापौर विकास शर्मा के गंगापुर रोड स्थित नंद विहार आवास पर कल दिन भर होली की भारी धूम रही। महापौर ने अपने आवास पर पहुंचे हजारों लोगों के साथ सपरिवार होली खेलकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ ही राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक और प्रशासनिक क्षेत्रों से जुड़े हजारों लोगों ने महापौर विकास शर्मा को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। सुबह से ही उनके निवास पर लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था जो दोपहर बाद तक अनवरत जारी रहा। इस मौके पर होली के पारंपरिक गीतों और मधुर संगीत की धुन पर लोग जमकर थिरके और उल्लास मनाया।महापौर विकास शर्मा ने बेहद सादगी के साथ आए हुए लोगों को गले लगाकर होली की बधाई दी और जमकर अबीर गुलाल उड़ाया। इस दौरान महापौर विकास शर्मा ने कहा कि होली का यह पावन पर्व हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है जो ऊंच नीच और भेदभाव की दीवारों को गिराकर समाज को एकता के सूत्र में पिरोता है। उन्होंने कहा कि रंगों का यह त्योहार हमें सिखाता है कि जीवन में खुशियां बांटने से बढ़ती हैं और हमें अपने शहर की सुख शांति व समृद्धि के लिए मिलजुल कर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि जिस प्रकार आज सभी वर्गों के लोग एक साथ मिलकर खुशियां मना रहे हैं, उसी प्रकार पूरे वर्ष हमें आपसी प्रेम और सहयोग की भावना को जीवंत रखना चाहिए। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए आभार भी जताया।इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता वेद ठुकराल, बलवंत सिंह, व्यापार मण्डल महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, राजेश कामरा, सोनू मुल्तानी, जितेन्द्र संध ु, मकेश पाल, राजेश जग्गा, सचिन छाबड़ा, सचिन मुंजाल, नेत्रपाल मौर्य, नवीन पाण्डे, आशीष यादव, अर्चित छाबड़ा, सौरभ राजपूत, धर्मेन्द्र सैनी, विजय तोमर, विशाल खेड़ा, राकेश सिंह, सुरेन्द्र गिरधर, गोविंद शर्मा, अमन विर्क, अशोक विश्वास, मोहन तिवारी, धीरेश गुप्ता, धीरेन्द्र मिश्रा, सुरेश कोली, महेन्द्री शर्मा, मानवेन्द्र सिंह, सुभाष पाल, संजय दास, अशेक नेगी, मयंक तिवारी, दिलजोत बाजवा, अमित छाबड़ा, हरीश यादव, सौरभ बेहड़, शंकर कोली, किशन कोली, हिमांशु शुक्ला, अरूण दीक्षित, दर्शन कोली, राधेश शर्मा, निमित छाबड़ा, राहुल छाबड़ा आदि समेत हजारों लोग उपस्थित रहे।








# भरण-पोषण से बचने के लिए पति ने पत्नी के नाम से भरा फर्जी आयकर रिटर्न, मुकदमा दर्ज

**न्यायालय के आदेश पर रुद्रपुर पुलिस ने पति, सास और ननद के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला**

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भरण-पोषण की धनराशि देने से बचने के लिए पत्नी के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्जी आयकर रिटर्न (आईटीआर) तैयार करने और न्यायालय को गुमराह करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर रुद्रपुर पुलिस ने आरोपी पति, सास और ननद के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटनीति समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। जाफरपुर खानपुर निवासी नीतू बत्रा ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका विवाह प्रदीप सिंह उर्फ दीपू निवासी ओमेक्स कॉलोनी, कल्याणपुर (पंतनगर) के साथ हुआ था। वर्ष 2024 से दोनों के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा है, जिसके चलते नीतू ने अपने पति के विरुद्ध घरेलू हिंसा, भरण-पोषण और दहेज उत्पीड़न के मामले विभिन्न न्यायालयों में योजित किए हैं। पीड़िता ने बताया कि जब भरण-पोषण के मामले में उसके पति ने न्यायालय में अपना जवाब दाखिल किया, तो वह उसे देखकर दंग रह गई। पति ने नीतू के नाम से वर्ष 2023-24 का आयकर रिटर्न न्यायालय में प्रस्तुत किया था, जबकि नीतू ने कभी आयकर रिटर्न भरा ही नहीं था। जांच करने पर पता चला कि पति प्रदीप सिंह ने भरण-पोषण की मोटी धनराशि देने से बचने के लिए कूटरचित तरीके से नीतू के नाम से फर्जी आईटीआर तैयार करवाया। धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए उसने रिटर्न में अपना मोबाइल नंबर अंकित किया ताकि आयकर विभाग का कोई भी संदेश नीतू को न मिले। आरोप है कि जनवरी 2024 में जब नीतू को ससुराल से निकाला गया था, तब प्रदीप ने उसके बहुमूल्य जेवर, स्त्रीधन और शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाणपत्र (हाईस्कूल, इंटर, बीकॉम, एमकॉम, डीएलएड, एचटीटी) के साथ-साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, चेकबुक और पासबुक जबरन अपने पास रख लिए थे। इन्हीं दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्जी तरीके से आयकर रिटर्न तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया। पीड़िता ने अपनी सास सुरजीत कौर और मायके में रह रही तलाकशुदा ननद रोशनी पर भी साजिश में शामिल होने और स्त्रीधन व शैक्षिक दस्तावेजों के दुरुपयोग की आशंका जताई है। पीड़िता का कहना है कि इस मामले में पुलिस प्रशासन से शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई थी, जिसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर अब थाना रुद्रपुर में अभियुक्त प्रदीप सिंह उर्फ दीपू, सुरजीत कौर और रोशनी के विरुद्ध धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) और 316(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीकृत किया गया है। पुलिस मामले की गहनता से विवेचना कर रही है।

# दुकानदार पर किया हमला

लालकुआं (उद संवाददाता)। बिंदुखत्ता क्षेत्र में बुधवार को जबरन दुकान खोलने को लेकर हुए विवाद में कुछ युवाओं ने दुकानदार व उसके परिजनों पर हमला कर दिया। इस घटना में बचाव के लिए आए उसके करीबी रिश्तेदार का अंगूठा कट गया, जबकि कई अन्य लोगों को हल्की चोटें आईं।




एक महिला ने भी अपने साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। मामले में कोतवाली लालकुआं में तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। बिंदुखत्ता निवासी प्रेम प्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि होली के दिन वह अपने चाचा के घर के पास मौजूद थे। इसी दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और जबरन दुकान खोलने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। प्रेम प्रकाश का आरोप है कि हमलावरों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके जमाई सागर आर्य पर भी हमला किया गया, जिससे उनका अंगूठा कट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए, जहां उनका उपचार जारी है और मेडिकल परीक्षण कराया गया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावर पुरानी रंजिश के चलते सुनियोजित ढंग से आए थे और घटना के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले में जांच शुरू कर दी है।

# ध्रुव चावला की मौत के मामले में पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सिविल लाइन्स स्थित किक्स विला शूज शोरूम के पार्टनर ध्रुव चावला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बहुचर्चित मामले में कोतवाली पुलिस ने अब रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस अब मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए कॉल डिटेल्स और शोरूम में आने वाले अंतिम व्यक्तियों की जानकारी जुटा रही है। आदर्श कॉलोनी निवासी एकता चावला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र ध्रुव चावला सिविल लाइन्स में जूते के शोरूम में पार्टनर था। बीते 19 फरवरी 2026 की रात जब ध्रुव घर नहीं पहुंचा, तो परिजनों और दोस्तों ने उसकी तलाश शुरू की। शोरूम का दरवाजा मिस्त्री से खुलवाया गया तो स्टोर रूम के अंदर ध्रुव खून से लथपथ और बेहोशी की हालत में मिला। उसे तत्काल जिला अस्पताल और फिर निजी अस्पतालों से होते हुए दिल्ली के मैक्स अस्पताल ले जाया गया। बाद में उसे वापस केएमसी अस्पताल लाया गया, जहां 22 फरवरी 2026 को उपचार के दौरान ध्रुव ने दम तोड़ दिया था। मृतक की मां ने आशंका व्यक्त की है कि किसी व्यक्ति द्वारा ध्रुव को फोन पर प्रताड़ित किया गया था, जो उसकी मृत्यु का कारण बना। पुलिस ने अब इस मामले की गंभीरता को देखते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि ध्रुव के फोन पर अंतिम कॉल किसकी थी और घटना वाली रात शोरूम में अंतिम बार कौन व्यक्ति आया था। गौरतलब है कि 19 फरवरी की रात शोरूम के अंदर ध्रुव के संदिग्ध हालत में मिलने और बाद में मौत होने की खबर शहर में चर्चा का विषय बनी हुई थी। उस समय मामले की प्रारंभिक जानकारी सामने आने के बाद अब पुलिस ने औपचारिक रूप से रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# दबंगों ने छात्र पर किया जान लेवा हमला

रुद्रपुर। नैनीताल रोड अटरिया मोड़ पर दबंगों ने एक युवक को बुलाकर धारदार हथियारों से जान लेवा हमला कर दिया। हमलें में युवक के गंभीर चोंटें आई। मौके पर पहुंचा साथी ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के मुताबिक बुध वार को करीब 5 बजे एक घायल युवक को गंभीर हालत में उसका साथी जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। युवक लहूलुहान हालत में था। घायल युवक के साथी ने बताया कि कुछ दबंगों ने बुलाया और उसके दोस्त पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमलें में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हमला करने के बाद हमलावर भाग गए। घायल का नाम हिमांशु थापा पुत्र मोहित थापा ट्रांजिट कैंप का निवासी है। घायल का साथी हर्ष वर्धन के मुताबिक हिमांशु कक्षा 12 में पढ़ रहा है और इस समय उसके पेपर भी चल रहे हैं। हर्षवर्धन ने बताया कि हिमांशु उसका रिश्तेदार हैं और हमला करने वालों ने बुलाया था। फिलहाल इस मामले में पुलिस को तहरीर नहीं दी है।